**1. केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय (MoTA) और आर्ट ऑफ़ लिविंग (AoL) के बीच सहयोग से दो उत्कृष्टता केंद्रों (CoE) का शुभारंभ किया।**

- **पहला उत्कृष्टता केंद्र** महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में गौ-आधारित कृषि तकनीकों के अनुरूप प्राकृतिक खेती के लिए 10,000 जनजातीय किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए है।
- किसानों को जैविक प्रमाणन दिलाने में मदद की जाएगी और उनमें से प्रत्येक जनजातीय किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विपणन के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- **दूसरा उत्कृष्टता केंद्र** पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए है, जिसके तहत झारखंड के 5 जिलों के 30 ग्राम पंचायतों और 150 गांवों को कवर किया गया है।
- पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने के तहत जनजातीय समुदाय को अपने संवैधानिक अधिकारों के बारे में शिक्षित करना भी शामिल है। यह पंचायती राज संस्थाओं को मजबूती प्रदान करेगा और उन्हें समुदाय के विकास के लिए निर्णय लेने में सहायता प्रदान करेगा।

**2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सतर्कता और भ्रष्टाचार पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया**

- इस सम्मेलन का विषय सतर्क भारत, समृद्ध भारत है।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। **भारत में हर साल 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया जाता है।**
- **नोट**: इस सम्मेलन में जागरूकता बढ़ाने वाली गतिविधियों और नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में अखंडता और सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के उद्देश्य से सतर्कता मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**3. CBSE ने डिजिटल शैक्षिक दस्तावेज के लिए चेहरा पहचान प्रणाली की शुरूआत की**

- सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) ने "परनियम मंजुशा" और डिजीलॉकर जैसे प्लेटफार्मों पर डिजिटल दस्तावेजों के लिए चेहरे की पहचान प्रणाली शुरू की है।
- उम्मीदवार बिना आधार कार्ड या मोबाइल नंबर प्रदान किए ही कक्षा 10, 12 की अंकतालिका और प्रमाण पत्र डिजीलॉकर से डाउनलोड कर सकेंगे।
- डिजिटल लॉकर डिजिटल इंडिया पहल के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है।
- **डिजिटल इंडिया बारे में:** यह सरकार द्वारा शुरू किया गया एक अभियान है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकार की सेवाएँ नागरिकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से ऑनलाइन अवसंरचना में सुधार और

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने या प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। इसे 1 जुलाई 2015 को शुरु किया गया था।

4. **NTPC ने फोर्ब्स के 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता 2020' की भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों की सूची में पहला स्थान प्राप्त किया**

- NTPC Limited, जिसे पहले नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के रूप में जाना जाता था, एक भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो बिजली और संबद्ध गतिविधियों के व्यापार में संलग्न है। यह कंपनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित कंपनी है और यह भारत सरकार के अंतर्गत आती है।

**स्थापना** : 1975

**मुख्यालय:** नई दिल्ली, भारत के

**अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक:** गुरदीप सिंह

5. **भारतीय मौसम विभाग ने दक्षिण एशिया के लिए अचानक आनेवाली बाढ़ से जुड़ी मार्गदर्शन सेवाएं शुरू की**

- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई देशों के लिए अचानक आनेवाली बाढ़ से जुड़ी अपनी तरह की पहली मार्गदर्शन सेवाओं की शुरुआत की।
- दक्षिण एशियाई क्षेत्र के देशों में जानमाल के नुकसान को कम करने के उद्देश्य से आवश्यक राहत उपाय करने के लिए अचानक आनेवाली बाढ़ के बारे में मार्गदर्शन खतरे (6 घंटे पहले) और जोखिम (24 घंटे पहले) के रूप में क्षेत्रीय केंद्र द्वारा राष्ट्रीय मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान संबंधी सेवाओं, राष्ट्रीय एवं राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों और अन्य सभी हितधारकों को प्रदान किया जाएगा।
- **नोट: अचानक आने वाली बाढ़ संबंधी मार्गदर्शन (फ्लैश फ्लड गाइडेंस)** एक मजबूत प्रणाली है, जो अचानक आने वाली बाढ़ भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे दक्षिण एशियाई देशों के लिए 4किमी x 4 किमी के वियोजन के साथ जल – विभाजक स्तर पर लगभग 6 -12 घंटे पहले ही अचानक आने वाली बाढ़ की चेतावनी प्रणाली के विकास की प्रक्रिया में सहयोग की दृष्टि से वास्तविक समय में आवश्यक उत्पाद मुहैया कराने के लिए डिज़ाइन की गई है।

6. **कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) ने अरुणाचल प्रदेश में स्वास्थ्य बीमा योजना के कवरेज का विस्तार किया**

- भारत सरकार ने अब पहली बार, अरुणाचल प्रदेश के लिए पहली नवंबर, 2020 से कर्मचारी राज्य बीमा (ESI) योजना को बढ़ाया।
- अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले में स्थित सभी कारखानों में 10 या अधिक व्यक्ति कार्यरत हैं, जो इस कवरेज के लिए पात्र होंगे।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- **कर्मचारी राज्य बीमा (ESI)** भारतीय श्रमिकों के लिए एक स्व-वित्तपोषण सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा योजना है। निधि का प्रबंध ESI अधिनियम 1948 में निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किया जाता है।

- **कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)** भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत एक सांविधिक और स्वायत्त निकाय है।

**उद्योग:** बीमा

**स्थापित:** 24 फरवरी 1952

**मुख्यालय:** नई दिल्ली

**महानिदेशक:** सुश्री अनुराधा प्रसाद

**7. उत्तर प्रदेश 2019 में भारतीयों के लिए शीर्ष और विदेशियों के लिए तीसरा पर्यटन स्थल बना**

- 2019 में सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान के रूप में उभरा है। भारतीय पर्यटन सांख्यिकी (ITS) 2020 ने घोषणा की है कि 2019 में 53.6 करोड़ घरेलू पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश का दौरा किया।

- **2019 में घरेलू पर्यटकों के दौरे के साथ शीर्ष तीन राज्यों की सूची**

**1.** उत्तर प्रदेश - 23.1%

**2.** तमिलनाडु - 21.3%

**3.** आंध्र प्रदेश - 24.2%

- **उत्तर प्रदेश** ने पिछले साल आने वाले लगभग 47 लाख विदेशियों के रिकॉर्ड के साथ **विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में तीसरा स्थान भी हासिल किया** । **तमिलनाडु** को पिछले साल तकरीबन 68 लाख विदेशियों के साथ **शीर्ष स्थान मिला**। **गोवा** को 2019 में 9 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों के साथ सूची में **अंतिम स्थान** मिला।

**8. गोवा में भारत के पहले सैंड ड्यून पार्क के लिए विश्व बैंक ने 3 करोड़ की राशि मंजूर की**

- गोवा को विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित एक परियोजना के तहत देश के पहले सैंड ड्यून पार्क के लिए स्थान दिया गया है जिसने राज्य के जैव विविधता बोर्ड के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और इस परियोजना के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है।

- **नोट:** ड्यून प्रबंधन में नष्ट हो रहे क्षेत्रों को बहाल करना और दूसरों को वनस्पति और बाड़ का उपयोग करके स्थिर करना शामिल है ताकि वे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए मदद कर सकें, बाधा न

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

डालें। गोवा में सैंड ड्यून परियोजना पर्यावरण-संवेदनशील सामग्रियों से बने पुलों का निर्माण करेगी, जो पर्यटकों द्वारा रेत की वनस्पति को नष्ट होने से बचाएगा। यह कदम राज्य द्वारा पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन दृष्टिकोण की ओर स्थानांतरित करने के प्रयासों का अनुसरण करता है।

**9. पुर्तगाल ग्रैंड प्रिक्स 2020**

- ब्रिटिश के **लुईस हैमिल्टन** (मर्सिडीज) ने पुर्तगाल ग्रैंड प्रिक्स 2020 फॉर्मूला वन F1 जीता जिसका आयोजन अल्गार्वे इंटरनेशनल सर्किट, पुर्तगाल में हुआ था।
- फिनलैंड के **वाल्टेरी बोटास** (मर्सिडीज) को **दूसरा** और नीदरलैंड के **मैक्स वेरस्टैपेन** (रेड बुल) को **तीसरा** स्थान मिला।

**10. कोलोन टेनिस टूर्नामेंट 2020 (bett1HULKS चैम्पियनशिप)**

- **एकल**

विजेता: अलेक्जेंडर ज्वेरेव

रनर-अप: डिएगो श्वार्टज़मैन

- **डबल्स**

विजेता: रेवेन क्लासेन, बेन मैकलचैन

रनर-अप: केविन क्रिविटज़, एंड्रियास मिज़

**11. *तेलंगाना के पूर्व गृहमंत्री नैनी नरसिम्हा रेड्डी* का निधन**

- 86 वर्षीय रेड्डी, सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (TRS) के संस्थापक नेता और राज्य के पहले गृह मंत्री थे।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests